अमर उजाला। 23/02/2023

# डॉ. गुरदेव सिंह सलाहकार मनोनीत



डॉ. गुरदेव सिंह

अंबाला। प्रख्यात शिक्षाविद और प्रमुख सिख बुद्धिजीवी डॉ. गुरदेव सिंह को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के मनोनीत सलाहकार के रूप में नामित किया गया है। वह अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण और विकास के लिए आयोग के जनादेश की उपलब्धि के लिए सहायता, सलाह और मार्गदर्शन करेंगे। वे समय-समय पर अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित मामलों को प्रमुखता से उठाएंगे। हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग से प्राचार्य के तौर पर सेवानिवृत हो चुके डॉ. गुरदेव सिंह गुजरांवाला गुरु नानक खालसा कॉलेज, लुधियाना में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वह जीएमएन कॉलेज की शासी निकाय के अध्यक्ष हैं। सिख समाज और हरियाणा सिख बौद्धिक परिषद ने एनसीएम के अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह लालपुरा और मनोनीत सलाहकार नामित करने के लिए गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया।